INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

HOLIDAY HOME WORK -- **अर्थग्रहण**

Class -6 2nd lang.

Class -6 Sec----- Name --------------- Date ----------

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-

अशोक की गणना सुंदर वृक्षों में होती है। इसके वृक्ष हिमालय के कुछ ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रों को छोड़कर भारत में सब जगहों में पाए जाते हैं। वाल्मीकि रामायण में इस वृक्ष का उल्लेख मिलता है । लंका में रावण की वाटिका में इसके घने छायादार वृक्ष लगे थे। र ाम चन्द् जी ने भी अपने वनवास के समय पंचवटी में जिन वृक्षों को लगाया था, उनमें से एक वृक्ष अशोक भी था।

अशोक का संस्कृत नाम 'अशोक' (गतशोक) है। वनस्पतिशास्त्री इसे 'सराका इडिका' कहते हैं। अशोक का वृक्ष सामान्यतः सात से दस मीटर ऊँचा होता है । अशोक का वृक्ष आयुर्वेदिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी छाल ,जड़ तथा फूल सभी दव बनाने के काम आते हैं । अशोक वृक्ष की लकड़ियाँ हवन के काम आती हैं । इसके पत्तों से वंदनवार बनाकर घरों के दरवाज़ों को सजाया जाता है। बौद्धमत के अनुयायी इस वृक्ष को श्रद्धा के साथ पूजते हैं । अशोक वृक्ष की अपनी सुंदरता , अपना महत्व है और बना रहेगा ।

प्रश्न क. वनस्पति -शास्त्र में अशोक को किस नाम से जाता है ?

उत्तर ---

---------------------- ---

प्रश्न ख. अशोक वृक्ष का महत्व बताओ।

उत्तर ---

-- ------------------------------

प्रश्न ग. किस धर्म के अनुयायी इस वृक्ष की पूजा करते हैं ?

उत्तर --

प्रश्न घ. 'अनुयायी' तथा 'मनोरम' शब्दों के अर्थ लिखिए ।

उत्तर --

प्रश्न ड.. गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।

उत्तर ---

प्रश्न च.इय, दार , इक प्रत्यय लगाकर एक-एक शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए ।

उत्तर --